पुलिस कोतवाली भिनगा, थाना गिलौला की पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई, कई घटनाओं का हुआ खुलासा

# मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली, तीन दबोचे

**कार्रवाई**

- पैर में गोली लगने से घायल बदमाश अस्पताल में भर्ती
- दिन में गांव-गांव जाकर करते थे रेकी, रात को चोरी

**श्रावस्ती, संवाददाता।** पुलिस व बदमाशों के बीच हुए मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हो गया। इस दौरान पुलिस ने घायल समेत तीन बदमाशों को दबोच लिया। सोमवार की देर रात हुए मुठभेड़ में बदमाशों के पास से चोरी का [illegible], नकदी व तमंचा बरामद किया गया। पुलिस कोतवाली भिनगा, थाना गिलौला व थाना इकौना क्षेत्र में बीते दिनों हुई चोरी के आरोपियों की तलाश कर रही थी।

सोमवार रात पुलिस को सूचना मिली 25 हजार का इनाम घोषित बदमाश मैसर अली पुत्र हनीफ निवासी कंदौसा थाना बौंडी जनपद बहराइच अपने दो अन्य साथियों के साथ बाइक से श्रावस्ती के इकौना की ओर कोई वारदात करने के लिए जा रहा है। सूचना मिलते ही कोतवाली भिनगा, थाना इकौना व थाना गिलौला के प्रभारी निरीक्षकों के नेतृत्व में टीम गठित की गई। संयुक्त टीम ने मुखबिर के बताए रास्ते पर नाकाबंदी की। इस दौरान गिलौला के गोड़ारी स्थित अग्निशमन केन्द्र के पास टीम ने अपराधियों को रोकने का प्रयास किया। इस पर आरोपी मैसर अली टीम पर फायरिंग करने लगा। इस पर पुलिस ने भी गोली चलाई जो मैसर अली के पैर में लगी और वह घायल होकर गिर गया। पुलिस ने मैसर अली के साथ उसके अन्य दोनों साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान मैनुद्दीन उर्फ खुर्चाली उर्फ लम्बू पुत्र बली मोहम्मद निवासी बाबागंज सुजौली थाना रुपैडिहा बहराइच व अनवर अली पुत्र रमजान अली निवासी रमवापुर चौराहा थाना रानीपुर जनपद बहराइच के रूप में हुई। टीम ने आरोपियों के कब्जे से सोने चांदी के जेवरात, 35 सौ रुपये नकदी, चोरी करने के उपकरण पेंचकस, पिलास, सब्बल, एक तमंचा व कारतूस बरामद किया। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए एसपी राहुल भाटी ने बताया कि तीनों आरोपी दिन में गांव गांव जाकर रेकी करते थे। इसके बाद रात में चोरी की घटना को अंजाम देते थे।

मैसर अली के विरुद्ध 15, मैनुद्दीन के विरुद्ध चार व अनवर के विरुद्ध 11 मुकदमें पहले से अलग-अलग थानों में दर्ज है। तीनों को जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तारी टीम में गिरफ्तारी टीम गिलौला थानाध्यक्ष आशीष कुमार, इकौना थाना प्रभारी निरीक्षक परमानन्द तिवारी, कोतवाली भिनगा के प्रभारी निरीक्षक योगेश सिंह के साथ उपनिरीक्षक राज कुमार पाण्डेय, पंकज गुप्ता, विपिन सिंह आदि शामिल रहे।



मामले का खुलासा करते एसपी राहुल भाटी व दबोचे गए तीनों आरोपी।

# साइबर ठगी करने वाले दो शातिर अपराधी गिरफ्तार

**खुलासा**

- दोनों आरोपियों ने 56.71 लाख रुपए खाते से उड़ाए थे
- सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए लेते थे निजी जानकारी

**श्रावस्ती, संवाददाता।** सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर म्यूल खातों से साइबर ठगी करने वाले संगठित गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिनकी ओर से अब तक 56 लाख रुपये के की ठगी करने का खुलासा हुआ है।

सिरसिया थाना साइबर सेल टीम ने मंगलवार को धर्मन्तापुर निवासी शिव प्रताप वर्मा पुत्र जनकराम वर्मा को राइस मिल शाहपुर बरगदवा के पास से गिरफ्तार किया। जांच में प्रकाश में आया कि आरोपी की ओर से अलग-अलग बैंक खातों के माध्यम से कुल 15 लाख 69 हजार 415 रुपये का अवैध साइबर लेन-देन किया गया है। जिसके कब्जे से अलग-अलग बैंकों की तीन पासबुक, तीन एटीएम कार्ड, दो चेकबुक व एक हजार रुपये नकद बरामद किया गया। इसी तरह थाना सोनवा साइबर सेल ने थानाध्यक्ष विसुनदेव पांडेय के नेतृत्व में दुगहरा निवासी वीरेन्द्र पुत्र जानकी को दिकौली नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया। जांच में आरोपी की ओर से दो अलग-अलग बैंक खातों से 24 लाख 81 हजार 353 रुपये व 16 लाख 20 हजार 797 रुपये की साइबर फ्रॉड धनराशि का लेन देन पाया गया। जिसके कब्जे से तीन बैंक पासबुक, तीन एटीएम कार्ड, तीन आधार कार्ड, तीन पैन कार्ड, 110 रुपये नकद, दो मोबाइल, एक बाइक बरामद किया गया।

आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। एसपी राहुल भाटी ने बताया कि आरोपियों का संगठित गिरोह के रूप में साइबर फ्रॉड का अपराध करते हैं।